# जल जीवन मिशन ने बदली सफीपुर की तस्वीर, घर-घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

संवाददाता पब्लिक की लहर (हिंदी दैनिक) लखीमपुर खीरी। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेयजल योजनाओं का कार्य तेजी से चल रहा है। पब्लिक की लहर हिंदी दैनिक अखबार की टीम ने विकास खंड फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत सफीपुर में बनी पानी की टंकी की जमीनी हकीक़त जानने के लिए वहाँ के लोगों से वार्ता की। ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के तहत बिछाई गयी पाइपलाइन के माध्यम से हर घर में नियमित और स्वच्छ पानी आ रहा है । इससे ग्रामीणों को दूर–दराज से पानी लाने की समस्या से राहत मिल रही है। अधिकारियों के अनुसार, योजना में पानी की टंकी, पाइपलाइन तथा आवश्यक पंपिंग व्यवस्था विकसित की गई है। नियमित जलापूर्ति के साथ पानी की गुणवत्ता की भी जांच की जाएगी। स्थानीय लोगों ने योजना शुरू होने पर खुशी व्यक्त की और इसे स्वास्थ्य तथा जीवन–स्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। लखीमपुर जनपद जहां बाढ़ग्रस्त इलाका के साथ–साथ जहां के पानी में भी फ्लोराइड, आर्सेनिक जैसे भयानक रसायन होते थे, वहीं यह पहल जल जीवन मिशन के उद्देश्य को सार्थक करते हुए ग्रामीण परिवारों तक सुरक्षित और पर्याप्त पानी पहुंचाने में सफल होता नजर आ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि योजना शुरू होने के बाद उन्हें साफ और पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है, जिससे दैनिक जरूरतों को पूरा करना आसान हो गया है। साथ ही दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों के खतरे में भी कमी आने की उम्मीद है।

